नन्द के लाला आयो है कृष्ण जन्म बधाई लिरिक्स

नन्द बाबा के नन्द भवन में,
आनंद छायो है,
नन्द के लाला आयो है,
नन्द के लाला आयो हैं।bd।

देखे – कृष्ण जन्म भजन लिरिक्स।

बजे ढोल मृदंग झांझ ढप,
बाज रही शहनाई,
प्रकटे गोकुल में गोविंदा,
घर घर बजी बधाई,
पारब्रह्म पूरण परमेश्वर,
दरस दिखायो है,
नन्द के लाला आयो हैं,
नन्द के लाला आयो हैं।bd।

बरस रहा है केसर चन्दन,
बरस रही रस धारा,
जय गोविंदा जय गोपाला,
गूंज रहा जयकारा,
झूम झूम कर नाच नाच कर,
धूम मचायो है,
नन्द के लाला आयो हैं,
नन्द के लाला आयो हैं।bd।

नन्द यशोदा नहीं समाते,
आज खुशी के मारे,
नन्द भवन में लूट पड़ी है,
लूट रहे है सारे,
तू भी लूट ले आज 'मधुपहरि',
लूट मचायो है,
नन्द के लाला आयो हैं,
नन्द के लाला आयो हैं।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी आपके मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

आनंद छायो है,
नन्द के लाला आयो है,
नन्द के लाला आयो हैं।bd।

स्वर – श्री चित्र विचित्र जी महाराज जी।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com